चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सामान्य–08 / 3144
दिनांक : 24/01/2023

सेवा में,

समस्त
संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / समन्वयक
निदेशक / विभागाधिकारी / अनुभागाधिकारी
सहायक कुलसचिव / कर्मचारीगण
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :– दिनांक 25 जनवरी, 2023 को तेरहवे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर जिलाधिकारी–प्रशासन / उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मेरठ के पत्र संख्या 72/29–1306 दिनांक 20 जनवरी, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में नागरिकों / मतदाताओं को निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 25 जनवरी, 2023 को अपरान्ह् 1:00 बजे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय प्रांगण में निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार शपथ दिलायी जानी है:–

मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ

"हम भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे"।

उक्त के सम्बन्ध में समस्त शिक्षकगण / अधिकारीगण / कर्मचारीगण / छात्रगण निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार विश्वविद्यालय के पुस्तकालय प्रांगण में उपस्थित होने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त अध्यक्ष / महामंत्री, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद्, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से अनुरोध है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर **"वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगें हम" (Nothing like Voting, I Vote for Sure)** विषय पर अपने स्तर पर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के आयोजनों करते हुए उक्त आयोजनों के दौरान कोविड–19 के दृष्टिगत बचाव हेतु सुरक्षा सावधानियों के सम्बन्ध में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न निर्देशों का अनुपालन करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
03. अध्यक्ष / महामंत्री, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद्, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
07. समस्त सहा0कुलसचिव एवं प्रभारी, प्रशासन के सूचानर्थ।
08. प्रभारी, वैबसाइट को सूचनार्थ।

24.1.2023
कुलसचिव

F:\General\Office Pad New 2019\1173